आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.10.2025 समय : 0705

<><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत समुद्री सप्ताह के अवसर पर सम्मेलन को संबोधित और वैश्विक समुद्री सीईओ फोरम की अध्यक्षता करेंगे।
- केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज शाम इस वर्ष का सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान देंगे।
- दक्षिण अंडमान जिला निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में जानकारी दी।
- जहाज एम वी स्वराज द्वीप कल सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मुंबई में चल रहे भारत समुद्री सप्ताह 2025 में भाग लेंगे। वे समुद्री क्षेत्र से जुड़े दिग्गजों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे और वैश्विक समुद्री सीईओ फोरम की अध्यक्षता करेंगे। सोशल मीडिया X पर अपने संदेश में, श्री मोदी ने कहा कि यह सम्मेलन समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और उसमें भारत के सुधारों को उजागर करने का एक बेहतरीन मंच है। इस बीच, केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के समुद्री क्षेत्र ने केवल 11 वर्षों में अपनी बंदरगाह क्षमता लगभग दोगुनी कर ली है, जिससे यह साबित होता है कि भारत न केवल गति बनाए रख रहा है, बल्कि अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है।

<><><><><><>

केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज शाम नई दिल्ली में इस वर्ष का सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान देंगे। भारत के पहले सूचना और प्रसारण मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के सम्मान में, आकाशवाणी वार्षिक सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान का आयोजन करता है। केन्द्रीय मंत्री के व्याख्यान की रिकॉर्डिंग 31 अक्तूबर को सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित की जाएगी।

<><><><><><>

भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार@150 राष्ट्रीय एकता पदयात्रा के आयोजन के संबंध में मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य जिले भर में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना और उनका समन्वय करना था। राष्ट्रीय एकता पदयात्रा 7 नवंबर को दानापुर जंक्शन से मिनी स्टेडियम, मायाबंदर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें सरकारी विभागों, कॉलेजों, स्कूलों और पंचायतों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। पदयात्रा के अलावा, 1 से 6 नवंबर तक जिले में विभिन्न प्रतियोगिताएं और गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ शुरू हुआ बचत उत्सव देशभर के लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। इससे रोज़मर्रा की वस्तुओं पर जी एस टी सुधार के बाद लोगों को बहुत राहत मिल रही हैं।

<><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि एआई संचालित अनुवाद उपकरण से हिंदी सामग्री के प्रसार और अनुवाद को बढ़ावा मिल रहा है। डॉ. सिंह ने कल नई दिल्ली में मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की पहली बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मंत्रालयों और विभागों में हिंदी का प्रयोग आवश्यक है, क्योंकि हिंदी मात्र एक भाषा नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सभी मंत्रालयों की वेबसाइट हिंदी में भी उपलब्ध होनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नागरिकों को वैज्ञानिक जानकारी उनकी अपनी भाषा में मिले। उन्होंने कहा कि भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी विकास में इसके विविध भाषाई परिदृश्य की आवाज़ दिखनी चाहिए। श्री सिंह ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कर्मचारियों के लिए

हिंदी–आधारित उपकरण और संसाधन उपलब्ध करा रहा है, जिससे वैज्ञानिक संचार में हिंदी की भूमिका और सुदृण हो रही है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कल बैठक आयोजित कर उन्हें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और पुनरीक्षण की विस्तृत अनुसूची भी साझा की। मतदाता सूची तैयार करने और मुद्रण कार्य 3 नवम्बर तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 07 फरवरी को होगा। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान, बूथ स्तरीय अधिकारियों को फार्म 6 के तहत नए मतदाताओं को शामिल करना होगा। मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर BLO को सौंपना होगा। इसके अलावा मतदाता निर्वाचन आयोग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म जमा कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, एल. कुमार ने कल सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि द्वीपसमूह में अंतिम एसआईआर 2002 में आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर–घर जाकर गणना का कार्य किया जाएगा ।

<><><><><><><>

यूटीजीएसटी के सहायक आयुक्त डॉ. जतिंदर सोहल के नेतृत्व में एक जीएसटी टीम ने हाल ही में स्वराज द्वीप में जीएसटी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान, जीएसटी टीम ने विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों का दौरा किया। उन्होंने संबंधित अधिनियमों और नियमों के तहत सभी पात्र व्यवसायों के लिए जीएसटी पंजीकरण की अनिवार्यता पर जोर दिया। व्यवसायों से जी एस टी नियम का पालन करने को कहा गया है। यूटीजीएसटी विभाग आने वाले महीनों में पूरे क्षेत्र में और अधिक जीएसटी जागरूकता शिविर और प्रवर्तन अभियान आयोजित करेगा। जीएसटी से संबंधित अधिक स्पष्टीकरण, शिकायतों या प्रश्नों के लिए व्हाट्सएप नम्बर 9595359698 पर संपर्क किया जा सकता है। यह कार्यक्रम यूटीजीएसटी आयुक्त अर्जुन शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

<><><><><><><>

एम वी स्वराज द्वीप कल सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से कोलकाता के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामानों की जांच आज दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। यात्रियों का जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल सुबह 8 बजे से 9 बजे तक चलेगा। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के एक भाग के रूप में, दक्षिण अंडमान स्थित जिला टीबी केंद्र, नवंबर माह के दौरान जिले भर के विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क छाती एक्स–रे जांच शिविर का आयोजन करेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फरारगंज में पहली नवम्बर और टुसनाबाद में 2 नवम्बर को शिविर लगेगा। इसी प्रकार विभिन्न तिथियों में दक्षिण अंडमान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी शिविर लगाए जाएंगे।

<><><><><><><>